डीएम ने निर्माणाधीन प्रेस क्लब का किया निरीक्षण

कवि तिराहे, अजीजगंज डैम रोड, पोस्टमार्टम हाउस व नगर निगम गेस्ट हाउस में देखी व्यवस्थाएं

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा कवि तिराहे पर बनी प्रतिमा स्थलों एवं गोल चक्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रतिमा स्थलों के आसपास लगे पत्थरों को पुनः चमकने वाले पेन्ट से पेन्ट कराने के लिये कहा व उसमें लगे पत्थरों में मिटे नामों को दोबारा लिखवाये जाने के लिये कहा।

जिलाधिकारी ने कवि तिराहे के पूर्व-उत्तर की ओर विश्वनाथ मन्दिर के पास बायें तरफ बने नाले पर पत्थर डाले जाने के लिये कहा। कवि तिराहे के पास ही बन रहे प्रेस क्लब का निरीक्षण किया।

प्रेस क्लब का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के द्वारा किया जा रहा। निरीक्षण के समय प्रेस क्लब में हो रहे निमार्ण कार्य के समय 4 मजदूर व एक सुपरवाइजर उपस्थित पाये गये। कार्य में धीमी गति पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

डीएम ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आर0ई0बी0 से वार्ता कर उन्हें निर्देशित किया कि कार्य की गति बढ़ाई जाये व सोमवार से मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य को ससमय पूर्ण कराया जायें। प्रेस क्लब में बेसमेंट में बने स्थान पर बारिश का पानी न जाये इसके लिये उचित व्यवस्था कराये जाने के लिये निर्देशित किया।

जिलाधिकारी द्वारा अजीजगंज में डैम रोड पर निर्माणाधीन पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य आवास विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। नवीन-अधिशासी अभियंता आवास विकास उपस्थित पाये गये। गेट से अन्दर की ओर घुसने पर दोनों साइड के खाली स्थानों को सड़क के लेवल से काफी नीचे है, जिसमें मिट्टी से भराव कराये जाने और किनारे-किनारे छायादार वृक्ष लगवाये जाने हेतु निर्देषित किया।

पोस्टमार्टम हाउस उत्तरी दीवार पर बिजली का मोटा केबिल खुला हुआ पाया गया, उसे पाइप लगाकर बन्द करने के लिये कहा गया। पोस्टमार्टम हाउस के अन्दर बने हुये डेड बॉडी रखने के टेबल के चारो तरफ बॉर्डर बनाये जाने के निर्देश दिये गये, जिससे पोस्टमार्टम चबूतरे का पानी कमरे के फर्श पर न गिरे। दूसरे कमरे में जाने पर फर्श के टाइल ठीक से न लगे पाये जाने पर उन्हें दोबारा लगवाये जाने के लिये निर्देशित किया। मॉरचरी रूम को ले-आउट के अनुसार बनवाये जाने के लिये निर्देषित किया। आरएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित थे।

निर्माणकार्यों का निरीक्षण करते डीएम इन्द्र विक्रम सिंह

नगर निगम गेस्ट हाउस में बनाये गये बरामदे की चौड़ाई को कम बताते हुये उसको बढ़ाये जाने के लिये व डाले गये छज्जे को काटकर लिंटर के लेवल में छज्जा बनाये जाने के लिये निर्देशित किया। जो पिलर बरामदे में बनाये गये है, उन्हे गोल करने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम गेस्ट हाउस के वी0आई0पी0 रूम का भी निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान उपस्थित रहे।